**बुदनी उपचुनाव:** रमाकांत भार्गव को टिकट से नाराज भाजपा कार्यकर्ताओं की भैरुंदा में बैठक, पूर्व मंत्री से तीखी बहस

# भाजपा में कलह, राजेंद्र सिंह बोले- कांग्रेस की तरफ नहीं देखेंगे

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**सीहोर.** बुदनी विधानसभा उपचुनाव में भाजपा ने पूर्व सांसद रमाकांत भार्गव को उम्मीदवार बनाया है। पूर्व विधायक राजेन्द्र सिंह राजपूत समर्थक विरोध कर रहे हैं। मंगलवार को एक निजी मैरिज गार्डन में हुई बैठक में करीब 700 कार्यकर्ता पहुंचे। ज्यादातर राजपूत समर्थक थे। बैठक में पूर्व मंत्री आशाराम यादव, वन विकास निगम के पूर्व अध्यक्ष गुरुप्रसाद शर्मा नहीं पहुंचे।

कार्यकर्ताओं से रायशुमारी के लिए वरिष्ठ भाजपा नेता रघुनाथ सिंह भाटी और पूर्व मंत्री रामपाल सिंह पहुंचे। बताया जा रहा है कि इनकी कार्यकर्ताओं से तीखी बहस हुई। बोले- पार्टी उम्मीदवार बदलकर पूर्व विधायक राजेंद्र सिंह को उम्मीदवार बनाएं। शाम करीब चार बजे पहुंचे पूर्व मंत्री रामपाल सिंह ने कार्यकर्ताओं को काफी समझाया, लेकिन उन्होंने एक नहीं सुनी।

कार्यकर्ता 'राजेंद्र सिंह राजपूत नहीं तो नोटा सही' के नारे लगाने लगे। पूर्व मंत्री से बहस भी हुई। कार्यकर्ता फैसला ऑन द स्पॉट की बात पर अड़े थे। ऐसे में पूर्व मंत्री रामपाल भोपाल पहुंचकर हाईकमान को रिपोर्ट देने की बात कहते हुए चले गए।



### दबाव डालकर कार्यकर्ताओं को बैठक में आने से रोका गया: राजपूत

संबोधन के दौरान राजेंद्र सिंह ने कहा कि प्रदेश नेतृत्व, हाईकमान ने कार्यकर्ताओं की बात सुने बिना जो निर्णय लिया है, वह ठीक नहीं। आप लोगों ने फोन पर कहा कि भैया अब हम कांग्रेस की तरफ देखेंगे, तब मैंने कहा कि हम कांग्रेस की तरफ नहीं देखेंगे। अनुशासन के साथ बात संगठन के समक्ष रखेंगे। बैठक में आने से रोकने के लिए कार्यकर्ताओं पर भारी दबाव था। इसके बाद भी आप लोग आए, यह सौभाग्य की बात है। उधर, राजेंद्र के समर्थकों ने सोशल मीडिया पर लिखा है उसूलों पे जहां आंच आए तो टकराना जरूरी है। मामले में रामपाल सिंह ने पत्रिका से कहा कि कांग्रेसी ऐसे पोस्टर वायरल कर रहे हैं।

### 254 मतदान केंद्र संवेदनशील

बुदनी में 363 में से 122 और विजयपुर में 327 में से 132 बूथ संवेदनशील चिह्नित किए गए हैं। ऐसे में केंद्रीय चुनाव आयोग की ओर से सुरक्षा बलों की आठ कंपनियां तैनात की जाएंगी।

### दो और नामांकन

नामांकन के चौथे दिन मंगलवार को दोनों सीट से एक-एक नामांकन भरा गया। बुदनी से सोमवार को भी एक पर्चा दाखिल किया गया था।

कैबिनेट में कई विषयों पर बनी सहमति

# नए सिरे से तय होंगी शहरी सीमाएं, निगम-मंडल कर्मियों को त्योहार से पहले वेतन

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मप्र प्रशासनिक इकाई पुनर्गठन आयोग शहरी सीमाओं का भी नए सिरे से निर्धारण करेगा। अभी तक इस आयोग को संभाग, जिला, तहसील व विकासखंडों की सीमाओं के निर्धारण की जिम्मेदारी दी थी। आयोग तेजी से काम करेगा। नवंबर में सदस्य संभागों व जिलों का दौरा करेंगे। सुझाव-दावे-आपत्तियों के लिए 4 से 6 माह दिए जाएंगे।

सीएम डॉ. मोहन यादव की अध्यक्षता में मंगलवार को हुई कैबिनेट में निर्णय लिया गया। निगम-मंडलों कर्मियों को भी दिवाली से पहले वेतन देने, अनुदान प्राप्त गोशालाओं में दीपावली के दूसरे दिन मंत्रियों की मौजूदगी में गोवर्धन पूजा करने पर सहमति दी गई।

**युवाओं को प्रशिक्षण:** रोजगार के लिए 11 विभाग एक साथ योजना बनाकर काम करेंगे। चार वर्ष में युवाओं को रोजगार और स्वरोजगार से जोड़ा जाएगा। उद्योगों को ट्रेंड युवा उपलब्ध कराने के लिए कौशल विकास योजना के तहत काम होंगे।

### रेप पीड़िता से जन्मे बच्चे की परवरिश के लिए मदद



नाबालिग दुष्कर्म पीड़िता से जन्मे बच्चे की परवरिश के लिए हर माह 4 हजार रुपए की आर्थिक मदद दी जाएगी। राशि उसकी मां या संस्था को मिलेगी। इसके अलावा भी ऐसे बच्चों के रहने व शिक्षा के प्रबंध का इंतजाम होगा। कैबिनेट में सभी 55 जिलों में यह व्यवस्था लागू करने के प्रस्ताव को मंजूरी दी। जिलों को 10-10 लाख रुपए देने का निर्णय लिया। राशि केंद्र के निर्भया फंड से दी जाएगी।

**खरीदी पर नजर:** सीएम ने मंत्रियों को पहली बार की जा रही समर्थन मूल्य पर सोयाबीन खरीदी व्यवस्था निरीक्षण की जिम्मेदारी दी।

स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन की बैठक में मंत्री गोविंद सिंह ने ली अफसरों की क्लास

# लापरवाह अफसरों की अपील खारिज, जीएम को फटकारा

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** मप्र स्टेट सिविल सप्लाई कॉर्पोरेशन के संचालक मंडल की बैठक मंगलवार को हंगामेदार रही। मंत्री गोविंद सिंह राजपूत ने कॉर्पोरेशन के जीएम को फटकारते हुए कहा कि लापरवाही नहीं चलेगी। जबलपुर के वित्त प्रबंधक की अपील को खारिज कर दी। कम्प्यूटर ऑपरेटरों को उच्च वेतनमान देने की फाइल यह कहकर लौटा दी कि जब तक परीक्षा पास नहीं करेंगे, उक्त लाभ नहीं दिया जाएगा।

करीब छह अधिकारियों से वन-टू-वन मंत्री ने सवाल किए। संतोषजनक जवाब नहीं देने पर कार्रवाई की चेतावनी दी। बैठक में विभाग की पीएस रश्मि अरुण शमी, आयुक्त खाद्य सिवि चक्रवर्ती, एमडी नागरिक आपूर्ति निगम पीएन यादव व अन्य अधिकारी शामिल थे।

### सख्त कार्रवाई के निर्देश

मंत्री ने कहा, कॉर्पोरेशन के महाप्रबंधक जवाबदेही को समझें। किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें।

जबलपुर में पदस्थ प्रबंधक वित्त अरविंद नगरारे को गंभीर अनियमितता और नियम से परे परिवहनकर्ता को 52 लाख का अनुचित लाभ पहुंचाने के मामले में दोषी पाये जाने पर कठोर कार्रवाई के निर्देश दिए। उनकी अपील निरस्त कर दी।

मुरैना के प्रभारी जिला प्रबंधक अरुण कुमार जैन की तीन वेतन वृद्धि बहाल करने की अपील निरस्त की।

2023-24 के उपार्जन में सक्रिय योगदान देने वाले कर्मियों को एक माह के मूल वेतन के बराबर प्रोत्साहन राशि मिलेगी।

**जल जीवन मिशन:** केंद्र सरकार ने जारी की ₹600 करोड़ की किस्त

# ये तो ऊंट के मुंह में जीरे जैसा

पत्रिका फॉलोअप



6 अक्टूबर को प्रकाशित



पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** केंद्र सरकार की प्रमुख योजना जल जीवन मिशन का प्रदेश में ठप जैसी स्थिति में है, क्योंकि केंद्र ने 2022 करोड़ का फंड रोक रखा है। इसमें से 600 करोड़ रुपए जारी किए हैं। यह राशि ऊंट के मुंह में जीरे के समान है। हालांकि दिवाली से पहले एक और किस्त जारी हो सकती है।

### लिखा गया था पत्र

जल जीवन में मिशन में फंड की कमी लगातार बढ़ रही थी। इसे लेकर राज्य सरकार ने चिंता व्यक्त करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव की ओर से केंद्रीय जल शक्ति मंत्री सीआर पाटिल को पत्र लिखा गया था। इस वित्तीय वर्ष के 4044.70 करोड़ में शेष 2022.34 करोड़ रुपए की राशि तत्काल देने और प्रदेश में मिशन को गति से चलाने के लिए 4455.30 करोड़ रुपए अतिरिक्त राशि की मांग केंद्र सरकार से की थी।

### बाकी राशि भी मिलेगी

जल जीवन मिशन के तहत केंद्र ने बकाये की पहली किस्त जारी की है। धीरे-धीरे शेष राशि भी आ जाएगी।



**संपतिया उइके,** मंत्री, पीएचई

### इस तरह मिली राशि

| | |
|---|---|
| 6 मई | 606.70 करोड़ |
| 12 जून | 808.94 करोड़ |
| 25 जून | 606.70 करोड़ |
| **कुल** | **2022.34 करोड़** |

### दूसरे चरण में

| | |
|---|---|
| अक्टूबर | 600 करोड़ |

*(गाइडलाइन के अनुसार कार्य देयकों में 50-50 प्रतिशत और व्यावसायिक गतिविधियों में 60-40 प्रतिशत का अनुपात तय है।)*

### सीएस ले रहे फीडबैक

मिशन की स्थिति को लेकर सीएस अनुराग जैन मॉनिटरिंग कर रहे हैं। विभागीय अफसरों से भी फीडबैक लिया था। इसमें आर्थिक संकट की बात सामने आई थी।

नगरीय विकास की कार्यशाला में विशेषज्ञों ने जताई एक्वीफर रीचार्ज नहीं होने पर चिंता

# भूजल बचाने सभी निकायों में बनेंगे एक्वीफर मैनेजमेंट प्लान

पत्रिका न्यूज़ नेटवर्क
patrika.com

**भोपाल.** शहरों में सीमेंट-कांक्रीट के निर्माण से भूजल के भंडार (एक्वीफर) खत्म हो रहे हैं। कई जगह ये रीचार्ज होना बंद हो गए हैं। ऐसे में बड़े प्रोजेक्ट से पहले शहर का हाइड्रोजियोलोजिकल मैप बनाना जरूरी है। एक्वीफर को बचाकर भूजल संरक्षित किया जा सकेगा। विशेषज्ञों ने यह बातें नगरीय विकास एवं आवास विभाग द्वारा मंगलवार को भू-जल संसाधन के प्रबंधन और संरक्षण विषय पर कार्यशाला में कहीं। कार्यशाला में सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के वैज्ञानिकों के साथ कंसल्टेंट ने सभी निकायों में एक्वीफर मैनेजमेंट प्लान बनाने का प्रशिक्षण दिया। बताया कि एक्वीफर एक प्रकार की पारगम्य चट्टानें होती हैं जो पानी अवशोषित कर एकत्रित करके रखती हैं।

### बारिश से होता है 76% भूजल रीचार्ज

सेंट्रल ग्राउंड वाटर बोर्ड के वैज्ञानिकों ने बताया कि मप्र में मानसूनी और गैर मानसूनी बारिश से 76 प्रतिशत भूजल रीचार्ज होता है। नहरों से रिसाव, सिंचाई, तालाबों, पोखरों और जल संरक्षण संरचनाओं से 24 प्रतिशत रीचार्ज होता है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। प्रदेश में सभी स्रोतों से साल में कुल भूजल रीचार्ज 35.47 बिलियन क्यूबिक मीटर या बीसीएम है। जबकि साल में कुल 19.30 बीसीएम पानी निकाला जा रहा है।

पहले चरण में एक लाख से ज्यादा आबादी वाले शहरों के प्लान बनाए जा रहे हैं। इसके बाद अन्य निकायों के प्लान बनाए जाएंगे। कंसल्टेंट के जरिए शहर भूजल की स्थिति का विश्लेषण कराया जाएगा।

अन्य ठेकेदार को लाभ पहुंचाने शिकायतकर्ता ठेकेदार के दस्तावेजों को कर दिया था अमान्य

# मंडी के दो अफसरों के खिलाफ ईओडब्ल्यू में एफआइआर दर्ज

**भोपाल @ पत्रिका.** मंडी बोर्ड के प्रभारी अधीक्षण यंत्री सलिल गर्ग और प्रभारी उपयंत्री चक्रेश शर्मा के खिलाफ ईओडब्ल्यू ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। टेंडर में गड़बड़ी कर ठेकेदारों को लाभ पहुंचाने का मामला मप्र राज्य कृषि विपणन बोर्ड में सामने आया है। सीहोर के एक ठेकेदार की शिकायत की जांच के बाद मामला दर्ज किया है।

### तीन साल चली जांच

सीहोर के ठेकेदार भारत गुप्ता ने अक्टूबर 2021 में ईओडब्ल्यू में शिकायत की थी। करीब तीन साल जांच चली। शिकायत सही पाए जाने पर धोखाधड़ी सहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया गया है।

दरअसल, टेंडर की शर्त के अनुसार निविदाकारों को निविदा से संबंधित चाहे गए दस्तावेजों की सत्यापित छायाप्रतियां एवं शपथ-पत्र की मूल प्रति 26 फरवरी 2021 को शाम 5.30 बजे तक डाक से मंडी बोर्ड को मिल जानी थीं। निविदा में विभोर वर्मा, अजय कुमार जैन, हरिओम कंस्ट्रक्शन एवं भारत गुप्ता ने निविदा के ऑनलाइन पोर्टल पर भाग लिया गया था। इनमें से शिकायतकर्ता भारत गुप्ता के दस्तावेजों का लिफाफा 26 फरवरी 2021 को शाम 5.14 बजे पहुंच गया था। दोनों अधिकारियों ने अन्य निविदाकारों के साथ साजिश कर भारत के दस्तावेजों को अमान्य कर दिया था। इस कारण वह निविदा प्रक्रिया से बाहर हो गए थे।

## शॉर्ट रीड

### धार मेड़ा की पत्नी को 2.13 करोड़ का नोटिस

**धार @ पत्रिका.** धरमपुरी तहसील क्षेत्र के ग्राम बगवानिया में गिट्टी क्रशर मशीन की खदान (पट्टे) की आड़ में अवैध उत्खनन पर पूर्व विधायक और कांग्रेस नेता पांचीलाल मेड़ा की पत्नी हंसा मेड़ा के नाम 2.13 करोड़ रुपए का जुर्माना नोटिस जारी हुआ है। आदेश कलेक्टर कार्यालय से जारी किया गया है। इस पर 15 दिन में जवाब मांगा गया है।

### आरोप भाजपा का प्रचार कर रहे सिविल सर्जन

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस चुनाव आयोग कार्य प्रभारी जेपी धनोपिया ने आरोप लगाया है कि मुरैना जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. गजेन्द्र सिंह विजयपुर उपचुनाव में भाजपा के पक्ष में प्रचार कर रहे हैं। धनोपिया ने मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी को शिकायत की है।

### उपलब्धि इंदौर को दिल्ली में मिला जल पुरस्कार

**इंदौर @ पत्रिका.** अब इंदौर ने जल संरक्षण की तरफ कदम बढ़ाए हैं। पांचवें राष्ट्रीय जल पुरस्कार के तहत वेस्टर्न जोन में इंदौर बेस्ट डिस्ट्रिक्ट श्रेणी में अव्वल रहा। मंगलवार को दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने इंदौर कलेक्टर आशीष सिंह, नगर निगम आयुक्त शिवम वर्मा और जिला पंचायत सीईओ सिद्धार्थ जैन को पुरस्कार से नवाजा।

### व्यवस्था आबकारी से कमाई का लक्ष्य 16000 करोड़

**भोपाल @ पत्रिका.** खजाने की खराब माली हालत को सुधारने के लिए सरकार का फोकस कमाऊ विभागों पर है। इसमें से वाणिज्यिक कर विभाग के तहत आबकारी से आय का लक्ष्य 4 हजार करोड़ बढ़ाया गया है। इस बार विभाग ने 16 हजार करोड़ रुपए का लक्ष्य तय किया है।

# जीतू ने सीएम से पूछा- 33 योजनाएं क्यों बंद की?

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष जीतू पटवारी ने मोहन सरकार के दस माह पूरे होने पर दस सवाल पूछे हैं। कहा कि चुनाव के दौरान तत्कालीन सीएम शिवराज सिंह ने लोगों से कई वादे किए थे। बहनों को हर माह तीन हजार रुपए देने, 450 में गैस सिलेंडर, किसानों से गेहूं 2700 रुपए और धान 3100 रुपए प्रति क्विंटल में खरीदने का वादा था, लेकिन किसान उचित मूल्य के लिए भटक रहे हैं। पटवारी ने सीएम से किसान, पटवारी, शिक्षक, आदिवासी, युवाओं इत्यादि से जुड़े सवाल भी पूछे।



मंगलवार को प्रेस कॉन्फ्रेंस में कहा कि भाजपा ने संकल्प-पत्र के माध्यम से संकल्प किए, लेकिन पूरा करना तो दूर 33 योजनाओं को बंद कर दिया गया। बजट ही आवंटित नहीं किया जा रहा। किसानों की समस्याओं को लेकर वे केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह से मुलाकात के लिए लगातार समय मांग रहे हैं। पांच मंगलवार बीत चुके हैं, लेकिन समय नहीं दिया।

# कांग्रेस नेत्री को मैसेज... बधाई हो, आप भाजपा की सदस्य

**राजगढ़ (धार).** महिला कांग्रेस की ग्रामीण जिलाध्यक्ष मैना मारू को मोबाइल पर मिले संदेश में भाजपा सदस्य बनने पर बधाई देते हुए सदस्यता संख्या भी भेजी गई है। इस पर मारू ने पुलिस से शिकायत की है।

**टास्क फोर्स की बैठक** में आए सुझाव पर सीएम ने कहा- किया जाएगा विचार

# कॉलेजों में नर्सिंग पाठ्यक्रम का प्रस्ताव

**भोपाल @ पत्रिका.** प्रदेश के विश्वविद्यालयों, कॉलेजों में पैरामेडिकल स्टाफ की जरूरत के लिए नर्सिंग पाठ्यक्रम संचालित किए जाएंगे। मंगलवार को भारतीय ज्ञान परंपरा शीर्ष समिति और राष्ट्रीय शिक्षा नीतिः 2020 की टास्क फोर्स की बैठक में यह सुझाव आया। अध्यक्षता करते हुए सीएम डॉ. मोहन यादव ने कहा कि सुझाव विचार योग्य है। यह विद्यार्थियों, चिकित्सकों और आमजन के हित में है। परीक्षण और विचार के बाद आवश्यक निर्णय लिया जाएगा।

बैठक में उच्च शिक्षा मंत्री इंदर सिंह परमार, टास्क फोर्स सदस्य अतुल कोठारी और मप्र हिंदी ग्रंथ अकादमी के अध्यक्ष अशोक कड़ेल, मुख्यमंत्री कार्यालय में अपर मुख्य सचिव डॉ. राजेश राजौरा, प्रमुख सचिव उच्च शिक्षा अनुपम राजन, आयुक्त एवं सचिव उच्च शिक्षा निशांत वरवड़े, समिति के सदस्य एवं विवि के कुलगुरु उपस्थित थे।

बैठक में महापुरुषों की जीवनियों को पाठ्यक्रम का हिस्सा बनाने की पहल सराही गई है।


**गेल (इंडिया) लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम)
ITUWTSA NEW DELHI 2024

संविदा आधार पर जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी की आवश्यकता

गेल (इंडिया) लिमिटेड, सार्वजनिक क्षेत्र की एक महारत्न तथा भारत की अग्रणी प्राकृतिक गैस कंपनी है जो कि प्राकृतिक गैस मूल्य श्रृंखला (अन्वेषण और उत्पादन, प्रसंस्करण, ट्रांसमिशन, वितरण और विपणन सहित) और इसकी संबंधित सेवाओं के सभी पहलुओं को एकीकृत कर रही है।

सार्वजनिक क्षेत्र की महारत्न कंपनी गेल (इंडिया) लिमिटेड निम्न पद के लिये झाबुआ कम्प्रेसर स्टेशन (जिला झाबुआ, म.प्र) में अपने व्यवसायिक स्वास्थ्य केंद्र में संविदा आधार पर इच्छुक उपयुक्त अभ्यर्थी की सेवाएं लेने के लिये इच्छुक है, जिसका विवरण नीचे दिया गया है:–

| क्र. सं. | भूमिका | अना. आ. | अ. जा. | अ.ज. जा | अ.प.व. (एनसीएल) | कुल | निम्नलिखित श्रेणियों, में पीडब्ल्यूडी के लिए यथा उपयुक्त पहचानी गई भूमिका |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जनरल ड्यूटी चिकित्सा अधिकारी | 01 | - | - | - | 01* | ओएच (ओए, ओएल) |

| कार्य विवरण | समेकित मासिक शुल्क |
|---|---|
| न्यूनतम एमबीबीएस के साथ पूर्ण इंटर्नशिप तथा भारतीय चिकित्सा परिषद के साथ पंजीकरण। योग्यता पश्चात अनुभव वांछनीय होगा। | रु. 93,000/– |

पूर्ण रूप से भरे हुए आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तिथि 07.11.2024 है। विस्तृत विज्ञापन, आवेदन पत्र, पात्रता–अपेक्षाओं तथा सामान्य नियमों एवं शर्तों के लिए कृपया गेल की वेबसाइट www.gailonline.com के Careers खंड को देखें।

विज्ञापन संख्या: गेल/झाबुआ/एचआर/आरईसीटीटी/जीडीएमओ/2024
झाबुआ कम्प्रेसर स्टेशन, झाबुआ – 457661 (म.प्र.)
फोन: 07392-244582/243358 | ई–मेल: hr.jhabua@gail.co.in
सीआईएन: L40200DL1984GOI018976
पंजी. कार्या.: 16, भीकाएजी कामा प्लेस, आर.के. पुरम, नई दिल्ली – 110066
www.gailonline.com #EnergizingPossibilities Follow us on



**राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड**
(भारत सरकार का उपक्रम- "मिनी रत्न" कम्पनी)
बीज भवन, पूसा परिसर, नई दिल्ली-110012 (भारत)
CIN: U74899DL1963GOI3913

राष्ट्रीय बीज निगम लिमिटेड, निगमित कार्यालय तथा देशभर में फैले क्षेत्रीय कार्यालयों, प्रक्षेत्र कार्यालयों एवं फार्मों पर विभिन्न विषयों में विभिन्न पदों पर वर्ष 2024–25 के लिए सीधी भर्ती हेतु पेशेवर एवं क्रियाशील अभ्यार्थियों से ऑनलाईन आवेदन आमंत्रित करता है।
ऑनलाइन आवेदन के लिए विवरण एवं लिंक इत्यादि एनएससी की वेबसाइट: www.indiaseeds.com देखें।
विभागाध्यक्ष (मा.सं.)



**अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान, जोधपुर**
(भारत सरकार द्वारा स्थापित एक स्वायत्त निकाय)
बासनी, जोधपुर (राजस्थान) पिनकोड-342 005
Website: https://www.aiimsjodhpur.edu.in Ph. No. 0291-2740741

विज्ञापन संख्या: AIIMS-JDH/Admn/RECT/DR/Group/A/2024

**विज्ञापन**

एम्स, जोधपुर सीधी भर्ती के आधार पर निम्नलिखित गैर-संकाय पदों की भर्ती के लिए इस विज्ञापन के माध्यम से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित करता है।

| क्रं. | पद का नाम | ग्रुप | वेतनमान | कुल पद |
|---|---|---|---|---|
| 1 | उप चिकित्सा अधीक्षक | A | Level 11 as per 7th CPC | 06 |
| 2 | ब्लड ट्रांसफ्यूजन अधिकारी | A | Level 11 as per 7th CPC | 01 |
| 3 | लेखा अधिकारी | A | Level 10 as per 7th CPC | 01 |
| 4 | चिकित्सा अधिकारी आयुष (आयुर्वेद) | A | Level 10 as per 7th CPC | 01 |
| 5 | चाइल्ड साइकोलॉजिस्ट | A | Level 10 as per 7th CPC | 01 |

नोट:- 1. पदों की संख्या अस्थायी है, और संस्थान की आवश्यकतानुसार बदली जा सकती है। विस्तृत विज्ञापन, ऑनलाइन आवेदन पत्र संस्थान की आधिकारिक वेबसाइट पर उपलब्ध है। आधिकारिक वेबसाइट : http://www.aiimsjodhpur.edu.in.

वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारी



**शासकीय महिला पॉलीटेक्निक महाविद्यालय, शिवाजी नगर, भोपाल**

रोजगारोन्मुखी डिप्लोमा पाठ्यक्रमों में प्रवेश का अंतिम अवसर

1. कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग ( CSE ) 9425008477, 8349861441
2. इलेक्ट्रानिक्स एण्ड टेलीकम्युनीकेशन इंजीनियरिंग ( ETE ) (IOT Based Project) 9826460982, 8962863896
3. फैशन टेक्नॉलाजी ( FT ) 9826523856, 9424411201
4. मार्डन आफिस मैनेजमेन्ट ( MOM ) 9893006890, 9827260600 ( 12वीं पास )

संस्था स्तर की काउंसलिंग (CLC)

| ब्रांच | रजिस्ट्रेशन दिनांक | एडमिशन दिनांक |
|---|---|---|
| कम्प्यूटर साइंस एण्ड इंजीनियरिंग (CSE)<br>इलेक्ट्रॉनिक्स एण्ड टेलीकम्यूनिकेशन इंजीनियरिंग (ETE)<br>फैशन टेक्नॉलॉजी (FT)<br>मॉर्डन ऑफिस मैनेजमेन्ट (MOM) | 17/10/2024 से 23/10/2024 तक | 22/10/2024 से 23/10/2024 तक |

अपने पसंद के विभाग में एडमिशन के लिए ऊपर दिये नंबरों पर आज ही संपर्क करें या महाविद्यालय में विजिट करें।
G-17947/24



**म.प्र. गृह निर्माण एवं अधोसंरचना विकास मंडल**

जल संचयन करने का प्रयास करें। --जल ही जीवन है--

कृष्ण विहार आवासीय परिसर
बावड़ियाकलाँ सनखेड़ी, भोपाल

ई-पंजीयन दिनांक 23.10.2024 से 15.11.2024 तक




| प्रस्तावित भवन | उपलब्ध भवन | भूखण्ड का क्षेत्रफल (व.मी.) | रेरा अनुसार कारपेट एरिया (व.मी.) | कुर्सी क्षेत्रफल (व.मी.) | अनुमानित मूल्य (रु. लाख) | पंजीयन राशि (रु./जी.एस.टी. सहित) | आवेदन शुल्क (रुपये) |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| एल.आई.जी. ड्युप्लेक्स (टाइप-ए) | 13 | 74.40 | 61.54 | 89.85 | 35.85 | 338788/- | 1180/- |
| एम.आई.जी. ड्युप्लेक्स (टाइप-बी) फेस-02 | 06 | 90.00 | 79.61 | 105.40 | 44.25 | 418163/- | 1180/- |

नोट :- (1) पंजीयन स्वीकृत होने के पश्चात यदि आवेदक द्वारा पंजीयन निरस्त किया जाता है, तो पंजीयन राशि वापस नहीं की जावेगी। (2) शासकीय नियम अनुसार मंडल/शासन के नियम व शर्तें लागू। (3) कारपस फण्ड भवन का मूल्य का 5 प्रतिशत पृथक से देय होगा। (4) समस्त कर एवं जी.एस.टी. शासन/मंडल के नियमानुसार पृथक से देय होगा। (5) संपत्ति को फ्री-होल्ड करने हेतु शुल्क पृथक से देय होगा। **दिनांक 15.11.2024 के पश्चात संपत्ति रिक्त रहने पर पंजीयन हेतु विज्ञापन ऑनलाइन निरंतर रहेगा।**

संपर्क :- संपदा अधिकारी (संभाग-6 गोमतिका परिसर, भोपाल) दूरभाष : 0755-7962844, 9406912035, 9131833217, 8763270441, 9752718415

ऑनलाइन भुगतान में असुविधा होने पर Whatsapp Helpdesk Number 7974264023

पंजीकृत आवंटी अब अपनी समस्त देय राशि का भुगतान मंडल के मोबाइल एप (MPHIDB_GEO जो Google Play Store पर उपलब्ध है) के माध्यम से भी कर सकते हैं। दिये गये QR-Code को स्कैन कर भी एप डाउनलोड कर सकते हैं।

Follow us on /mphidb /mphidb

Visit us : www.mphousing.in
म.प्र. माध्यम/116991/2024



**OFFICE PREMISES FOR SALE**

Office units situated at $2^{nd}$ & $3^{rd}$ floor of "CAPITAL MALL" (earlier known as **C21 Mall**), Hoshangabad Road, Misrod, Bhopal (M.P.) as mentioned hereunder mortgaged in loan case of M/s Century 21 Malls Pvt. Ltd., are available for sale on **"As is Where is and Whatever is"** basis.

Offices on $2^{nd}$ floor (Rs. in Lakh)

| S. N. | Particulars | Saleable Area (Sq.ft.) | Price for Individual unit |
|---|---|---|---|
| 1 | Office No. 211 | 760 | 23.45 |
| 2 | Office No. 220 | 848 | 26.16 |
| 3 | Office No. 222 | 829 | 25.58 |
| 4 | Office No. 223 | 836 | 25.79 |
| 5 | Office No. 224 | 852 | 26.28 |
| 6 | Office No. 225 | 857 | 26.44 |

Offices on $3^{rd}$ floor

| S. N. | Particulars | Saleable Area (Sq.ft.) | Price for Individual unit |
|---|---|---|---|
| 1 | Office No. 311A | 1042 | 26.43 |
| 2 | Office No. 312 | 972 | 24.65 |
| 3 | Office No. 320 | 848 | 21.51 |
| 4 | Office No. 324 | 852 | 21.61 |

**Prospective buyers may offer the bids for purchase of single unit of office also.**

For further details please contact :
**M. P. Financial Corporation**
B-6, $2^{nd}$ Floor, Platinum Plaza, Mata Mandir, Bhopal (MP)
Phone - 0755-2777195, 2774191, 9424402313
**E-mail:** mpfcbpl13@gmail.com **Website** www.mpfc.org